हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 25 दिसंबर 2023



तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री

न्यूनतम 16. 0 डिग्री

4 स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होता है वास



## सुविधा से पहले परेशानी का दौर...







**शिवरीनारायण।** शबरी सेतु के मरम्मत का काम शुरु हुआ है। करीब 25 साल पुराने पुल की हालत जर्जर हो गई थी। अब पुल की मरम्मत की जा रही है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद आवागमन में सुविधा मिलेगी, लेकिन इसके पहले अभी राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। जांजगीर-चांपा जिले को बलौदा बाजार से जोड़ने वाले इस पुल पर भारी वाहन भी गुजर रहे है। पुल के एक हिस्से में मरम्मत का काम चल रहा है। ऐसे में संकरे पुल पर लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### अस्थि, त्वचा एवं नेत्र रोग जांच शिविर कल

**अकलतरा।** नगर की सामाजिक संस्था पहल द्वारा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में 26 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया है। पहल संस्था के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं डॉ राजीव दीक्षित ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ सुश्रुत पुलगांवकर, फिजियोथैरेपी ज्वाइंट विशेषज्ञ डॉ पवन गंगवार, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ भाव्या स्वर्णकार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ भाव्या एक्का, डॉ महेंद्र कुमार सोनी, डॉ जे आर आरमोर एवं नेत्र सहायक अधिकारी प्रितेश सिंह चंदेल द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ-साथ सिकलिन टेस्ट, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की निःशुल्क जांच करने के साथ जरूरतमंद मरीजों को दवाइयो का वितरण भी किया जाएगा। सामाजिक संस्था पहल ने क्षेत्रवासियों से स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की है ।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 29 तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 1 जनवरी से दिसम्बर 2023 के मध्य अद्भुत वीरता का कार्य किया हो, किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-जांजगीर-चांपा में कार्यालयीन समय पर 29 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आवेदन प्रेषित कर सकते है। आवेदन निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किए जाएंगे वे आवेदन अस्वीकृत किये जा सकेंगें। अपूर्ण अथवा ऐसे आवेदन पत्र जो सक्षम प्राधिकरण एवं जिला कलेक्टर द्वारा प्रमाणित/सत्यापित न हो अथवा जिसके साथ आवश्यक सहायक अभिलेख ना हो विचारणीय नहीं होंगे। राज्य वीरता पुरस्कार प्राप्त करने हेतु बालक-बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का कार्य किया गया कार्य, घटना दिनांक को बालक-बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो, शौर्य कार्य की अवधि 1 जनवरी से दिसम्बर 2023 के मध्य हो, आवेदन पत्र सक्षम प्राधिकारी क्र. 1 व 2 तथा जिला कलेक्टर द्वारा अनुशंसित होना आवश्यक है।

### ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगी सहायता राशि

**जांजगीर-चांपा।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रूपए प्रदाय किया जाना प्रावधानित किया गया है। कार्यालय श्रम पदाधिकारी में कार्यालयीन समय में पंजीकृत हितग्राही का आधार कार्ड, ई-श्रम पंजीयन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र, थाने में दर्ज प्राथमिकी या पंचनामा, शव परीक्षण (पोस्टमार्टम) रिपोर्ट के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है।

रियायती दर पर राशन का उठाव कर बेचने की भी आ रही शिकायतें

# सस्ते दाम पर चावल पाने पांच साल में ही बढ़ गए 1 लाख 35 हजार कार्डधारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अभिवाजित जिले में सस्ते दाम पर चांवल पाने 5 साल के भीतर ही 1 लाख 35 हजार से भी अधिक राशन कार्ड धारी बढ़ गए है। पहले जहां यह आंकडा 4 लाख 25 हजार पर था वह अब बढ़कर 5 लाख 60 हजार पर जा पहुंचा है।

गौरतलब है कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले पात्र लोगों को शासन की योजना के तहत सस्ते दामों पर चांवल, शक्कर एवं नमक का वितरण किया जाना है, ताकि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग भूखे ना रहे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर हितग्राहियों को सस्ते दाम पर चांवल उपलब्ध भी कराया जा रहा है। कई जगहों पर नियम को ताक में रखकर मृत लोगों के नाम पर भी राशन का उठाव करने की शिकायत सामने आती रहती है। विभागीय जानकारी के अनुसार अभिवाजित जिले में जहां 5 साल पहले 4 लाख 25 हजार राशन कार्ड धारी हितग्राही थे। वहीं यह आंकडा अब बढ़कर 5 लाख 60 हजार 215 तक पहुंच गया है। इस दौरान 5 साल के भीतर 1 लाख 35 हजार 215 राशन कार्ड बढ़ गए। इधर राशन कार्ड धारी लोगों की संख्या तो बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार जांजगीर चाम्पा जिले के शहरी क्षेत्रों में 29 हजार 671 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लाख 10 हजार 402 प्राथमिकता वाले राशन कार्ड धारी है। इसी प्रकार अंत्योदय मे शहरी क्षेत्र 7 हजार 238, ग्रामीण क्षेत्र 40 हजार 844, निराश्रित शहरी क्षेत्र 301 एवं ग्रामीण 1 हजार 775, निःशक्तजन शहरी 168 एवं ग्रामीण 677 वहीं एपीएल शहरी 10 हजार 609 एवं ग्रामीण 51 हजार 973 शामिल है। जिले में शहरी राशन कार्ड धारी 47 हजार 987 एवं ग्रामीण कार्ड धारी 3 लाख 5 हजार 671 शामिल है। साथ ही साथ सक्ती जिले के आंकड़ो पर गौर किया जाए तो यहां शहरी क्षेत्रों में 12 हजार 398 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1 लाख 49 हजार 322 प्राथमिकता वाले राशन कार्डधारी है। अंत्योदय के तहत शहरी क्षेत्रों में 2 हजार 137 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 38 हजार 449, निराश्रित में शहरी क्षेत्र 109 एवं ग्रामीण क्षेत्र 2 हजार 145, निःशक्त जन में शहरी क्षेत्र 49 एवं ग्रामीण क्षेत्र 461 वहीं एपीएल के तहत शहरी क्षेत्रों में 3 हजार 520 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 16 हजार 182 राशन कार्ड धारी ग्रामीणों की संख्या है, जिन्हे सस्ते दामों पर राशन उपलब्ध कराया जाता है।



शासकीय उचित मूल्य की दुकान में राशन लेने पहुंचे हितग्राही।

### चांवल बेचना एवं खरीदना दोनों अपराध

पीडीएस के तहत अभिवाजित जिले में 720 से भी अधिक सरकारी राशन दुकानों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से कई राशन दुकान के ग्राहक सरकारी राशन का उठाव तो सस्ते दामों में कर रहे है। वहीं इसे आसपास के दुकानों में ले जाकर बेच दे रहे है। शासन के द्वारा हितग्राहियो को चांवल का वितरण सस्ते दामों में इसलिए किया जाता है ताकि वे इसका भोजन के रूप में उपयोग करें, लेकिन इन सब के बावजूद अवैध तरीके से चांवल को निजी दुकानो में बेच दिया जाता है। सरकारी खाद्यान्न को खरीदने एवं बेचने वाले दोनों पर कानूनी कार्यवाही का प्रावधान है, बावजुद इसके ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते उनके हौंसले भी लगातार बुलंद होते जा रहे है।

### दुकान खोलने में कर रहे मनमानी

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को खोलने और बंद करने का शासन द्वारा समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय के अनुसार सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक एवं शाम 3 बजे से 6 बजे तक दुकान खुला रखने का नियम है। दुकानों के बाहर समय का बोर्ड भी लगा है, लेकिन अधिकांश दुकानों में इसका पालन नहीं हो रहा है। दुकान का संचालन करने वाले अपनी सहूलियत के हिसाब से निर्धारित समय के पहले ही दुकान बंद कर देते है।

### बढे है राशन कार्ड धारी

अभिवाजित जिले में राशन कार्ड धारी करीब 4 लाख 25 हजार थे, वह आंकडा अब बढ़कर 5 लाख 60 हजार तक जा पहुंचा है। इस बीच करीब 1 लाख 35 हजार से भी अधिक राशन कार्ड बढ़ गए है। मृत लोगों के नाम से राशन का उठाव करने के संबंध में शिकायत मिलने के आधार पर कार्यवाही भी की जाती है।

-कौशल साहू,
जिला खाद्य अधिकारी
जांजगीर-चांपा



सरहर में घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़।

## सड़क पर यमदूत बनकर दौड़ रहे ट्रैक्टर 24 घंटे के भीतर 3 लोगों की गई जान

बाइक सवार दो नाबालिग और एक कोटवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क पर ट्रेक्टर यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं। दो अलग अलग स्थानों पर ट्रेक्टर के ख़ूनी पहिये ने 24 घंटे के भीतर ही तीन लोगों को चपेट में ले लिया। हादसों में बाइक सवार दो नाबालिग और एक कोटवार की मौत हो गई।

दरअसल अधिकांश लोग क़ृषि कार्य के लिए ट्रेक्टर लेते हैं, लेकिन इसका उपयोग अन्य कार्यों में करते हैं। खेतों की बजाए ट्रेक्टर सड़क पर दौड़ती नजर आती है। ये ट्रेक्टर सड़क पर यमदूत बनकर दौड़ लगा रहे हैं। सक्ती जिले में पिछले 24 घंटे के भीतर दो ट्रेक्टर ने 3 लोगों की जान ले ली। पहली घटना शनिवार की शाम बाराद्वार थाना क्षेत्र की है। बघौदा निवासी 15 वर्षीय भूपेंद्र सूर्यवंशी अपने एक नाबालिग साथी अभय सूर्यवंशी के साथ बाइक से बाराद्वार की ओर जा रहा था। रास्ते में ग्राम सरहर में तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार भूपेंद्र और अभय को गंभीर चोट आई और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को अंजाम देने के बाद ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गया। इधर दूसरी घटना हसौद थाना क्षेत्र के पेण्ड्री गांव में हुई। कोटवार अनिल दास महंत बाइक पर सवार होकर अपने काम से चिस्दा गया था। वह चिस्दा से लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार कोटवार अनिल दास महंत को गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दोनों ही मामले में ट्रेक्टर चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

## कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी को मिली सजा

**जांजगीर-चाम्पा।** अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी को न्यायालय द्वारा एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपया अर्थ दंड से दंडित किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमीसोनार निवासी 40 वर्षीय राजकुमार गोड को पुलिस ने 20 नवंबर को पकड़ा था। उसके कब्जे से अलग-अलग जारिकेंन में रखे 80 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र तैयार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय जांजगीर में पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25 हजार रूपये का अर्थदंड से दण्डित किया गया है।

### बिना किसी पूर्व सूचना के ग्रामीण क्षेत्रो में घंटो बिजली सेवा बाधित

**जांजगीर-चाम्पा।** सारागांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्राम पंचायतों में घंटों बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ गई है। खासकर देवरी सारागांव, कमरीद, कोसमंदा, जाटा, अमरूवा, चोरिया, मुडपार अफरीद सहित अन्य जगहो पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली गुल कर दी जा रही है, इसके चलते जहां लोग अंधेरे में रात गुजारने विवश होते है, वहीं जहरीले जीव जन्तुओं का खतरा भी हमेशा बना रहता है।

## जिले के किसानों को 180 करोड़ से अधिक के बोनस का भुगतान होगा आज

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि का वितरण 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर किया जाएगा। जिले के किसानों को 180 करोड़ रुपए से अधिक के बोनस की राशि का भुगतान किया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस वितरण का जिला स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम नवनिर्मित ऑडिटोरियम भवन में दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा। जांजगीर चांपा जिले अंतर्गत वर्ष 2014-15 में 53106 किसानों के खातों पर लगभग 92 करोड़ 82 लाख रुपए एवं वर्ष 2015-16 में 56711 किसानों के खातों पर लगभग 97 करोड़ रुपए किसानों के खातों पर सीधे अंतरित किया जाएगा। जिले के सभी विकासखंड मुख्यालय एवं 101 सहकारी समितियां में भी बोनस वितरण वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । जिसमें किसानों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उद्बोधन एवं संवाद का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

### सक्ती जिले में 51 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ

**सक्ती।** सांसद गुहाराम अजगल्ले के मुख्य आतिथ्य में वर्ष 2014-15 के 46633 किसानों एवं 2015-16 के 51146 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस राशि का भुगतान 25 दिसंबर को सांसद गुहाराम अजगल्ले के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12.30 बजे से होगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित नोडल अधिकारी जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले में खरीफ वर्ष 2014-15 में धान बेचने वाले कुल 46633 किसानों से 2890093.50 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। जिसका बोनस राशि 867028050.00 रूपये है। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2015-16 में धान बेचने वाले कुल 51146 किसानों से 3142071.38 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। जिसका बोनस राशि 942621414.00 रूपये भुगतान किसानों के खाते में सीधे समायोजन किया जाएगा। जिले में किसानों को ब्लॉक स्तर एवं समिति स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से भी बोनस प्रमाण पत्र वितरित किए जायेंगे।

बड़े दिन पर गिरिजाघरों में होगी आराधना

# आधी रात मनी यीशु के जन्म की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शांति के मसीहा प्रभु यीशु का जन्म 24 दिसंबर की आधी रात को हुआ। वहीं 25 दिसंबर को क्रिसमस की खुशियां मनाई जाएगी। इसको लेकर गिरजाघरों में विशेष तैयारी की गई है और मसीही समुदाय क्रिसमस मनाने जुटा हुआ है। बाजारों में क्रिसमस को लेकर गिफ्ट आयटम और साज सज्जा के सामानों की खूब बिक्री हुई है। जयंती के उपलक्ष्य में आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

सोमवार 25 दिसंबर को ख्रीष्ट जयंती बड़े दिन के अवसर पर नगर के मेनोनाइट तथा रोमन कैथोलिक चर्च में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर जन्मोत्सव मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। मेनोनाइट चर्च में ड्रामा व झांकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही युवाओं द्वारा कैरोल सांग का आयोजन किया गया है। कैरोल सांग के माध्यम से मसीही समाज के लोग प्रभु यीशु के जन्म का वर्णन करते है। मेनोनाइट चर्च में ही गड़रियों द्वारा प्रभु यीशु के जन्म का शुभ संदेश लोगो को दिया गया। शनिवार 24 दिसंबर की आधी रात प्रभू यीशू का जन्म हुआ। अब 25 दिसंबर को ख्रीष्ट जन्मोत्सव पर आराधना की जाएगी तथा जयंती के अवसर पर पास्टर द्वारा बाइबल आधारित प्रवचन दिया जाएगा। ततश्चात प्रभु यीशु के जन्म को लेकर सभी सदस्य एक-दूसरे को बधाई देंगे। इसी तरह 26 दिसंबर को धन्यवादी पर्व मनाया जाएगा जो वर्ष में एक बार आता है। धन्यवादी पर्व में बातिस्मा आशीष होगा, जिसमें इसाई समुदाय के लोग प्रभु यीशु के जन्म दिवस पर धन्यवाद ज्ञापित करते है। इसके पूर्व मसीही समाज के लोगों द्वारा क्रिसमस रैली मेनोनाइट चर्च से निकाली गई। रैली कचहरी चौक, नेताजी चौक से होते हुए वापस चर्च पहुंची जहां क्रिसमस रैली का समापन हुआ।





क्रिसमस पर सजा चर्च और प्रभू यीशू के जन्मोत्सव की झांकी।



## स्वच्छता को मुंह चिढा रहा चंडीपारा का रौताही बाजार

**पामगढ़।** ग्राम पंचायत चंडीपारा में गुरुवार को अगहन एकादशी के अवसर पर लगने वाले रौताही बाजार का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र भर से व्यसायिक लोगों ने अपनी अपनी दुकानें लगाई। सिनेमा टाकीज झूले की भी व्यवस्था की गईं थी। सैकड़ों होटल, मनहारी, गुपचुप, पेठा,फल सब्जियों की दुकानें लगी थी। क्षेत्र वासियों ने खूब लुफ्त भी उठाया। बाजार समाप्त होने के बाद दूसरे दिन से फैली गंदगी से मोहल्ले वाले खासे परेशान है। थोड़ी सी भी हवा चलने से बिखरी पन्नी कागज के टुकड़े, एवं फैली गंदगियों उड़ कर लोगों के घरों में जा रही है। पंचायत द्वारा बाजार का ठेका लाखों रुपये में किया गया है, किंतु सरपंच सचिव द्वारा सफाई पर ध्यान नही दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अधिग्रहित भूमि का नहीं मिला मुआवजा, आंदोलन की तैयारी

**कोरबा।** गुरसिया से जटगा मार्ग के लिए अधिग्रहित जमीन का किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। हालांकि पचरा से जटगा तक की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा किसानों को मिल चुका है लेकिन ग्राम सलिहाभाठा से गुरसिया तक के किसानों का मुआवजा अब तक नहीं मिला है। लगभग 43 किसान ऐसे हैं जिन्हें जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। इनमें गुरसिया के 13, सलीहाभाठा 16 व दमाउकुंडा के 14 किसान शामिल है। विरेंद्र मरकाम ने जनपद कार्यकाल में किसानों की समस्या को गंभीरता से उठाया और वर्ष 2017- 18 में उक्त अधिग्रहित भूमि का मुआवजा के लिए अधिकारियों द्वारा मौका जांच, सामाजिक समाघात, दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।बताया जाता है कि गुरसिया से जटगा सडक़ को प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत बनाया गया है, जिसे बाद में लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया। वहीं विभाग द्वारा कुछ किसानों का मुआवजा प्रकरण बनाकर खानापूर्ति की गई लेकिन ऐसे किसान जो महज कृषि पर आश्रित हैं उन्हें अब तक मुआवजा नहीं दिया गया। किसानों का कहना है कि प्रशासन के अधिकारी किसानों की जमीन को अधिग्रहित करने के बाद शांत बैठे हैं। यदि प्रभावितों को उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है तो आंदोलन कर नेशनल हाइवे 130 पर चक्काजाम करन की चेतावनी किसानों ने दी है।

### अतिक्रमण कार्रवाई में भेदभाव का आरोप

**कोरबा।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध अतिक्रमण की शिकायत लगातार सामने आते ही रहती है। हालांकि कुछ मामलों पर निगम के द्वारा कार्यवाही भी की गई है। इसी तरह अतिक्रमण की शिकायत चेक पोस्ट निवासी एक महिला के द्वारा अवैध अतिक्रमण को लेकर की गई है। लिखित शिकायत नगर पालिक निगम के कमिश्नर को लिखित में की गई है। महिला के मकान को नगर पालिका निगम के तोड़ू दस्ता के तत्कालीन प्रभारी के द्वारा ध्वस्त करने की बात उल्लेखित की गई है। अतिक्रमण हटाने के बाद नगर निगम के द्वारा उक्त स्थान को चिन्हांकन करते हुए पुनः अतिक्रमण नहीं करने की समझाइए दी गई थी।शिकायतकर्ता महिला की माने तो चेक पोस्ट स्थित एकता नगर के पास पूर्व में नगर निगम के द्वारा अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए चार-पांच मकान पर बुलडोजर चलाया गया था, लेकिन इस स्थान पर कुछ लोगों के द्वारा पुन निर्माण किया जा रहा है। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कैरियर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला एवं तहसीलदार महेश देव साहू उपस्थित रहे। क्रीडा महोत्सव विजय छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रमाण पत्र, पदक और ट्रॉफी के द्वारा सम्मानित किया गया। सभी कार्यक्रम विद्यालय के ग्रुप डायरेक्टर प्रो.प्रदीप जैन, प्राचार्य श्रीमती किरण तिवारी एवं समस्त शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ। अंत में प्राचार्य ने सभी बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कोयला निकालते समय करंट से झुलसा, अपोलो हुआ रेफर

**कोरबा।** दीपका थाना अंतर्गत बेलटेकरी बसाहट विवेकानंद नगर के पास मालगाड़ी से कोयला निकलते समय आज 23 दिसंबर को सुबह एक युवक झुलस गया। दीपका खदान के गांधीनगर साइडिंग में मालगाड़ी से कोयले की ढुलाई दीगर प्रांतो को की जाती है यह रेलवे लाइन विवेकानंद नगर बेलटेकरी के पास से गुजरती है यहां मालगाड़ी से कोयला परिवहन किया जाता है जिसे लोग मालगाड़ी के ऊपर चढ़कर कोयला निकालते है । यहां आज मालगाड़ी से कोयला निकलते समय झाबर निवासी शिवराज यादव पिता परसराम यादव उम्र 20 साल गंभीर रूप से करंट की चपेट में आने से झुलस गया। जिसे गंभीर अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका भेजा गया जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सको ने उसे कोरबा रेफर कर दिया।

# ग्रामीण क्षेत्रों की कोटवारी जमीन के सर्वे की तैयारी, बिक्री के मामले आए थे सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ग्रामीण अंचलों में कोटवारों को जीवन बसर के लिए दी गई सरकारी जमीनों की बिक्री के बढ़ते मामले को लेकर शासन स्तर से इसके सर्वे कराने की तैयारी की जा रही है ताकि यह सामने आ सके कि कितनी कोटवारी जमीनों की बिक्री हुई है। कोटवार संघ के जिला एवं प्रांतीय बैठक में भी यह मुद्दा उठा था और गुजारे के लिए दी गई जमीनों को वापस दिलाए जाने की मांग की गई थी।

कोटवारी जमीन के मामले जिला प्रशासन तक पहुंचे थे जिसमें पंचायतों में कोटवारों की जमीन बिक्री को लेकर शिकायतें शामिल थी। वहीं कुछ पटवारी हल्कों में कोटवारी जमीन को निजी बताए जाने के बाद बिक्री कर दिए जाने की भी शिकायतें आयी थी। कोटवार स्तर की प्रांत एवं जिला स्तर की बैठक में यह मुद्दा उठा था और शासन से यह मांग की गई थी कि जिन क्षेत्रों में कोटवारी जमीन की बिक्री हुई है उनको निरस्त कर वापस कोटवारों को दिया जाए। राज्य शासन के द्वारा 1 एकड़ प्रति कोटवार को जमीन आबंटित की गई थी किंतु अब यह आबंटन की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। पूर्व में जितनी जमीनें कोटवारों को दी गई थी उसके बाद नए सिरे से आबंटन नही किया गया है। जिले में तहसील व उपतहसील के विस्तार होने के बाद नए राजस्व निरीक्षक मंडल और पटवारी हल्के बनाए गए हैं जिनके अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों का सीमा निर्धारण किया गया है। नए तहसीलों के बनने के बाद उनके अधीन गांव में कोटवार तो हैं किंतु शासन द्वारा दी गई जमीनें नहीं हैं। ऐसी स्थिति नए तहसीलों के बनने के बाद सामने आयी है।

### जीवन बसर के लिए दी गई थी जमीन

**खास बातें**

- कोटवार संघ ने भी अपनी जिला स्तरीय बैठक में उठाया था मुद्दा
- संघ की जिला एवं प्रांतीय बैठक में जमीन वापस करने की मांग




#### प्रधानमंत्री आवास की समस्या

कोटवार संघ ने उन्हें प्रधानमंत्री आवास उनकी जमीन में बनाकर दिए जाने की मांग उठाई है किंतु जिन कोटवारों की जमीनें बिक गई हैं वह अपने पुराने पुस्तैनी मकान को ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया बनाने की मांग उठाई है। वहीं जिन कोटवारों के पास जमीनें हैं उन्हें उनकी जमीन में ही आवास देने की मांग की जा रही है। नए सिरे से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के पूर्व पंचायत से जारी होने वाली सूची में उनका नाम दर्ज करवाने की मांग संघ द्वारा की गई है।

## जिस गौठान से शुरू हुई थी खरीदी, अब वहां हुई बंद

# गौठान में गोबर खरीदी पर लगा ग्रहण निगम से लेकर पंचायत तक खरीदी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्रामीण अंचलों में शुरू किए गए गौठानों में चुनाव के पूर्व से ही गोबर खरीदी पर ग्रहण लग गया है। कुल 250 से अधिक गौठान बनाए गए थे, जहां स्व सहायता समूहों के माध्यम से गोबर की खरीदी की जाती थी और खरीदी का भुगतान समूहों के खाते में जाता था। चुनाव आचार्य संहिता के पूर्व से खरीदी पर ग्रहण लग गया था। अब ये स्थिति है कि नगर निगम के गौठान से लेकर पंचायत स्तर तक के गौठानों में खरीदी नहीं हो रही है।

**खास बात**

- पाली ब्लाक के केराझरिया गौठान से हुई थी खरीदी की शुरुआत


फाइल फोटो

जिले में गौठान की शुरूआत विकासखंड पाली के ग्राम पंचायत केराझरिया से हुई थी। योजना के शुभारंभ के बाद से पूर्व सरकार के दौरान खरीदी की योजना पर पूरा ध्यान फोकस किया गया था। इसके लिए ग्राम पंचायतों को जिम्मेदारी देते हुए बकायदा नोडल अधिकारी बनाकर स्व सहायता समूहों को खरीदी की जिम्मेदारी दी गई थी। प्रारंभ में गोबर खरीदी का रेट 2 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से रखा गया था। वर्तमान में एक वर्ष पूर्व ही 5 रूपये प्रति किलोग्राम किया गया था। महिला स्व सहायता के नाम से हो रही खरीदी में ग्राम के सरपंच और पंचायत सचिवों को खरीदी के लिए बनाई गई कमेटी में भी रखा गया था। जनपद स्तर से लेकर जिला पंचायत स्तर तक होने वाली बैठकों में गोबर खरीदी की रिपोर्ट ग्राम पंचायत के सचिव से मांगी जाती थी। गोबर खरीदी से कुछ महिला समूहों को अपने स्तर पर आय अर्जित की गई थी। खरीदी को लेकर जिला पंचायत स्तर से भी एक प्रकोष्ठ अलग से तैयार किया गया था। गोधन न्यास योजना के तहत नोडल अधिकारी जनपदवार खरीदी की मॉनिटरिंग करते थे। पूरे तामझाम के साथ शुरू की गई खरीदी पर ग्रहण लग चुका है। ग्रामीणों का रूझान अब गोबर बिक्री की ओर नहीं रहा। वहीं महिला स्व सहायता समूह भी इससे दूरी बना रहे हैं। जिस गौठान से खरीदी की शुरूआत हुई थी उस गौठान में खरीदी बंद हो गई है।

#### अभी निर्देश नहीं आया

गोबर खरीदी बंद करने के संबंध में अभी कोई निर्देश नहीं आया है, इसलिए जैसी स्थिति पूर्व में थी वैसी ही अभी भी है। कुछ गौठानों में खरीदी हो रही है। ग्रामीण अंचलों से जानकारी आ भी रही है। कुछ गौठानों में भले ही बंद होगी, लेकिन जानकारी अभी नहीं है, जिले में 300 गौठान बने हैं।

-जीत सरकार,
गोधन न्यास योजना प्रभारी

#### वन विभाग उद्यानिकी विभाग को खरीदने के दिए थे निर्देश

गोबर खरीदी के पूर्व सभी सरकारी विभागों को गौठानों में निर्मित गोबर खाद को खरीदने के निर्देश दिए गए थे। इनमें कृषि उद्यानिकी और वन विभाग प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन तीनों विभागों को जिला प्रशासन की ओर से अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के तहत किए जाने वाले पौधरोपण, सब्जी उत्पादन, नर्सरी में खाद के उपयोग के लिए बाहर से खाद की खरीदी पर रोक भी लगाई गई थी ताकि गौठान में खरीदे जाने वाले गोबर खाद की खपत विभागीय कार्यों में किया जा सके। शुरूआत में विभागों ने गोबर की खरीदी की और इसका शासकीय दर पर भुगतान भी महिला समूह को किया गया। इसके लिए शासकीय विभागों को गोबर खरीदी का लक्ष्य भी दिया गया।

#### सहकारी समितियों में भी हो रही थी खरीदी

गोबर खरीदी में केवल महिला समूहों को नहीं अपितु धान खरीदने वाली सहकारी समितियों की भी सेवाएं ली गई थी। समिति प्रबंधकों को भी गोबर खरीदी का प्रभार दिया गया था। विक्रेता के साथ-साथ समिति के कर्मचारियों को भी समिति के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में जाकर खरीदी की जानकारी देने और लोगों को खरीदी से जोड़ने के लिए जागरूक करने की जिम्मेदारी थी दी गई थी।

# नए रैक और वैगन से होगी कोयला ढुलाई


रेलवे समपार फाटक पर लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएसपीएम प्रबंधन अपने 30 साल पुराने वैगन को बदलने की तैयारी में है। अभी 12 वैगन से कोयला संयंत्र तक पहुंच रहा है, इसे बढ़ाकर 26 वैगन करने की योजना है। अभी हर रैक से 600-700 टन कोयला पहुंचता है। यह बढक़र 1200 टन प्रति रैक तक हो जाएगा। नए रैक और वैगन बढ़ाने का फायदा आम लोगों को भी मिल सकता है।

**खास बातें**

- बार बार फाटक बंदी से मिलेगी निजात
- अभी 6 बार फाटक होता है बंद, नए रैक से सिर्फ 4 बार बंद होगा

दरअसल कम वैगन होने की वजह से 3 बार और पीक सीजन में 4 रैक कोयला पहुंचता है। वैगनों की क्षमता बढ़ने के बाद कम रैक की जरुरत पड़ेगी। इससे सीएसईबी फाटक 6 के बजाय 4 बार ही बंद होगा। बंद होने से पहले तक कोरबा ताप विद्युत गृह से कोयले की आपूर्ति मानिकपुर खदान से कंपनी के खुद के वैगन सिस्टम से होती रही है। इस संयंत्र के बंद होने से पहले 2007-08 में डीएसपीएम संयंत्र उत्पादन में आया। इसके बाद रेलवे स्टेशन के रेलवे एक्सचेंज यार्ड से डीएसपीएम संयंत्र तक कोयला की सप्लाई होती रही है। डीएसपीएम के नए वैगन के अलावा केटीपीएस के पुराने वैगन से कोयला पहुंचता है। उत्पादन कंपनी ने अब पुराने वैगन को बदलने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव के मुताबिक 24 से 26 वैगन के रैक खरीदे जाएंगे। प्रति रैक 1200 टन तक कोयला संयंत्र पहुंच सकेगा।

रेलवे ने उत्पादन कंपनी को सचेत किया था कि रेलवे लाइन में दबाव बढ़ रहा है। इसे देखते हुए रेलवे लाइन को पहले से बेहतर किया गया है ताकि पीक सीजन में जब कोयले के लिए औसत से अधिक रैक चलते हैं तो दिक्कतें आ सकती थी। इसके अलावा वैक्यूम ब्रेक को हटाकर एयर ब्रेक लगाए जाएंगे।

# अरहर को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हाथी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के पसान व केंदई रेंज में हाथियों का आतंक खत्म नहीं हो रहा है। यहां बड़ी संख्या में विचरणरत हाथियों द्वारा उत्पात मचाकर ग्रामीणों के खेतों में लगे अरहर की फसल को तहस-नहस किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। कटघोरा वनमंडल में लगभग 50 हाथियों का झुण्ड दो अलग-अलग झुडों में घूम रहा है। एक झुण्ड में 32 की संख्या में हाथी हैं, जो डिविजन के पसान रेंज में सक्रिय हैं। हाथियों के इस झुण्ड द्वारा देवमट्टी के जंगल में डेरा जमाकर लगातार उत्पात मचाया जा रहा है। हाथियों का झुण्ड दिन में जंगल में विश्राम करता है और शाम होते ही खेतों में पहुंचकर वहां लगे अरहर फसल को नुकसान पहुंचाता है। हाथियों ने बीती रात देवमट्टी तथा चिकनीपारा में उत्पात मचाते हुए लगभग डेढ़ दर्जन ग्रामीणों के अरहर फसल को तहस-नहस कर दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उधर केंदई रेंज के बेलबंधा पहाड़ में भी हाथियों का झुण्ड विचरणरत है। इस झुण्ड ने भी फसलो को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों द्वारा हाथी समस्या के समाधान की मांग की जा रही है लेकिन अब तक न तो प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और न ही वन विभाग द्वारा इसे गंभीरता से लिया जा रहा है।

# कोचुवेली व यशवंतपुर रहेगी रद्द, यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे ने नए साल में कोरबा से अप-डाउन की ओर चलने वाली कोचुवेली 2 दिन और यशवंतपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस को 4 दिन के लिए रद्द कर दिया है। इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। यात्रियों ने पहले से ही टिकट आरक्षित करा लिया था। अब उन्हें सफर के लिए परेशान होना पड़ रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ने सूचना किया। ट्रेन के रद्द होने की वजह दक्षिण मध्य रेलवे में तीसरी रेल लाइन के कमीशनिंग के लिए नॉन इंटरलॉकिंग के काम का हवाला दिया है। काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसनपार्थी पार्टी रोड स्टेशन और उप्पल स्टेशन के मध्य तीसरी रेल लाइन जोडऩे व नॉन इंटरलॉकिंग के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक की किया गया है। इसकी वजह से कोरबा से प्रारंभ होने वाली कोरबा कोचुवेली एक्सप्रेस (22647) 3 जनवरी को और कोचुवेली कोरबा एक्सप्रेस (22648) 1 जनवरी को रद्द रहेगी। इसी तरह यशवंतपुर से प्रारंभ होने वाली यशवंतपुर कोरबा एक्सप्रेस (12251) 9 व 14 जनवरी को रद्द रहेगी। कोरबा यशवंतपुर एक्सप्रेस (12252) 11 जनवरी व 14 जनवरी को रद्द रहेगी।इसी तरह इस रूट होकर अप-डाउन की अन्य ट्रेनों को भी प्रभावित किया है। जबकि इस सीजन में अधिकांश लोगों की योजना बाहर घूमने जाने की है।



#### इन ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित

- कोरबा कोचुवेली एक्सप्रेस 3 जनवरी को रद्द रहेगी।
- कोचुवेली कोरबा एक्सप्रेस 1 जनवरी को रद्द रहेगी।
- यशवंतपुर कोरबा एक्सप्रेस 9 व 14 जनवरी को रद्द रहेगी।
- कोरबा यशवंतपुर एक्सप्रेस 11 व 14 जनवरी को रद्द रहेगी।

# छात्र की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 20 वर्षीय छात्र सुमित बंजारे की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सुमित बंजारे जांजगीर चांपा जिले के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट जैजैपुर में मैकेनिकल ट्रेड से पढ़ाई कर रहा था। मौत की खबर मृतक छात्र के दोस्तों ने परिजनों को दी। प्राथमिक चिकित्सा के लिए सुमित को पहले स्थानीय अस्पताल लाया गया था। फिर कोरबा के निजी अस्पताल रेफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई।

छात्र के पिता शिवकुमार बंजारे ने बताया कि तीन बेटा और एक बेटी है। मृतक सुमित बंजारे दूसरे नम्बर का था। वह दो साल से जांजगीर चांपा जिले के जैजैपुर में आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था। 17 दिसंबर को छुट्टी में घर आया था। 18 दिसम्बर को गुरुघासीदास जयंती मनाकर 20 दिसंबर को वह वापस चला गया था। पिता ने बताया कि वो रोजी मजदूरी का काम करता है और मजदूरी करने गया हुआ था। इसी दौरान उसकी बेटी के नम्बर पर फोन आया कि सुमित का एक्सीडेंट हो गया है। इलाज के लिए उसे चांपा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब वे अस्पताल पहुंचे तो सुमित की हालत बिगड़ती जा रही थी फिर उसे कोरबा के निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हॉस्टल के टीचर ने बताया कि वो दोस्तों के साथ घूमने गया हुआ था, जहां बाइक से गिरने पर चोट लगना बताया गया था। पिता का कहना है कि सुमित किस बाइक से गिरा है कोई इसकी जानकारी नहीं दे रहा है। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए कोरबा के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया है। पिता का कहना है कि बेटे के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। बेटे की मौत कैसे हुई इसे लेकर स्पष्ट कारण का पता नहीं चला है। वहीं ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

**कोरबा।** तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक बालको प्लांट के निजी कंपनी में काम करता था। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रेलर वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की रात भैसमा के समीप बाइक सवार समीर कुमार 26 वर्ष अपने एक रिश्तेदार के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर वापस लौट रहा था। इस दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई और इसकी सूचना 112 और उरगा थाना पुलिस को दी गई है। अस्पताल में डॉक्टर ने भी जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई प्रकाश कुमार ने बताया कि समीर बालको प्लांट के निजी कंपनी में काम करता था। समीर दो भाइयों में से घर का इकलौता कमाने वाला था। बेटे की मौत से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर हादसे की जानकारी ली।

# मुरली होटल में कांग्रेसियों ने घुसकर संचालक को धमकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल के खिलाफ भाजपा की ओर से लाया गया प्रस्ताव गिर गया। नपा अध्यक्ष पद के लिए रतन मित्तल की जीत की खुशी जमकर मनाई गई हालांकि शाम होते ही कुछ कांग्रेसी नेता बेकाबू हो गए और उन्होंने धमकाने चमकाने के साथ ही सड़क पर दहशत मचाते हुए जमकर उत्पात मचाया।

कटघोरा बस स्टैंड के पास संचालित मुरली होटल के संचालक मुरली मनोहर भाजपा नेता है। उनकी माने तो शुक्रवार की शाम लगभग 7:30 बजे सुधीर मिश्रा, शिब्बू शर्मा, पीयुष जायसवाल, असफाक अली ये सभी होटल अंदर घुसकर काउंटर के पास आकर उनसे बोलने लगे कि नगर पालिका अध्यक्ष का अविश्वास प्रस्ताव लाये थे हम लोग जीत गये तुम लोग हार गए, फिर अश्लील गाली गलौच कर भय दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। होटल के सामने मुख्यमार्ग पर सभी स्टाफ दुकान मालिक एवं महिला कर्मचारियों को आपत्तिजनक अश्लील गालियाँ दी गई एवं दुकान बंद करा देने ग्राहकों के वाहन न खडा.करने की धमकी दी गई। उनके भाई शेखर साहू को भी जान से मार देने व देख लेने की धमकी दी गई।









बिलासपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023
haribhoomi.com





# फिल्म 'मैं अटल हूं' का मास्टरपीस ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी की जीवन यात्रा को लेकर बड़े पर्दे पर पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं आ रही है, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वहीं फैंस इसे मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं एक बार फिर पंकज त्रिपाठी की अदायगी के लोग कायल हो गए हैं। ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसे शेयर करते हुए पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, जिस नेता को आप जानते हैं, उस आदमी को जिसे आप नहीं जानते। प्रस्तुत है अटल बिहारी वाजपेयी के असाधारण जीवन की एक झलक।

लाइफ Style

# दीपिका

## 1 लाख से अधिक की पहनी मिनी स्कर्ट

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार ऋतिक रोशन स्क्रीन शेयर करते दिखने वाले हैं। फिल्म के टीजर और सॉन्ग्स को फैंस से अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते दिन ही फिल्म का दूसरा रोमांटिक गाना 'इश्क जैसा कुछ' आउट हुआ है और इस गाने में एक बार फिर दीपिका का बोल्ड अंदाज देख फैंस उनके मुरीद हो गए हैं, लेकिन उनके आउटफिट की कास्ट जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। न्यू सॉन्ग इश्क जैसा में दीपिका पादुकोण ने मिनी स्कर्ट और ब्रालेट पहनी है। इस ड्रेस में वैसे तो एक्ट्रेस हर आउटफिट में अच्छी लग रही है, लेकिन दीपिका की मेटल की मिनी स्कर्ट और ब्रैलेट तो इस समय टॉक ऑफ द टाउन बन गया है।

दीपिका की पाको रबैन एम्बेलिश्ड मिनी स्कर्ट की ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर कीमत की बात करें तो इस मिनी स्कर्ट की कीमत 1,769 अमेरिकी डॉलर है, लेकिन डिस्काउंट करके ये 1,238 अमेरिकी डॉलर की कीमत पर मिल रही है। भारतीय कीमत के हिसाब से इस मिनी स्कर्ट का प्राइज 1,03,169 रुपए है। सोने-चादी के तार और लटकन ने इस स्कर्ट को काफी खूबसूरत बनाया है। वहीं, प्लंजिंग यू-नेकलाइन ब्रैलेट आपको 753 अमेरिकी डॉलर यानी 62,751 रुपए की कीमत पर मिलेगी। फिल्म 25 जनवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




हॉलीवुड मसाला



## क्रिसमस शॉपिंग के लिए निकलीं

**एंजेलिस।** हॉलीवुड मॉडल एंड एक्ट्रेस हैली बीबर अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों के चलते चर्चा में रहते हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जो इस समय चर्चा में हैं। दरअसल, ये तस्वीरें उस समय क्लिक की गईं जब हैली वेस्ट हॉलीवुड में बोट्टेगा वेनेटा में क्रिसमस की शॉपिंग के लिए निकलीं थीं। इन तस्वीरों में हैली का बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है।




## पर्पल जैकेट में रिहाना का स्टाइलिश लुक...

**लॉस एंजेलिस।** पॉप स्टार रिहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में रिहाना की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो इस समय इंटरनेट पर छाई हुई हैं। दरअसल, रिहाना बीते दिन फैंटी एक्स पूमा लॉच में पहुंची। इस दौरान उनका स्टाइलिश लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो रिहाना व्हाइट टी-शर्ट टॉप, ब्लू जींस और फर्र वाली पर्पल जैकेट में कमाल की लग रही हैं। मिनिमल मेकअप, ब्लू आईशेडो रिहाना के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। हेयरस्टाइल की बात करें तो रिहाना ने अपने बालों को बांध रखा है। इवेंट में रिहाना ने स्टाइलिश अंदाज में पोज दिए।



## कपूर सिस्टर्स ने बेचे करोड़ों के फ्लैट्स

**मुंबई।** बोनी कपूर की बेटियां जाह्नवी और खुशी कपूर सिर्फ इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के तौर पर ही नहीं बल्कि फाइनेन्शियली भी सक्सेसफुल हैं। इंडस्ट्री के अन्य सेलेब्स की तरह ही वो भी प्रॉपर्टी के मामले में काफी सक्रिय हैं। फ्लैट खरीदने से लेकर बेचने तक, दोनों ही बहनें काफी तेज हैं। ऐसे में खबर आई है दोनों बहनों ने मिलकर मुंबई में ही 12 करोड़ के आसपास के चार फ्लैट्स सेल किए हैं। खबर की मानें तो दोनों ही एक्ट्रेस ने अलग-अलग जगहों पर कई फ्लैट्स बेचे हैं। बहनों ने मुंबई के अंधेरी वेस्ट में लोखंडवाला कॉम्पलेक्स में एक-एक फ्लैट बेचे हैं, जिनकी कीमत 6 करोड़ के आसपास की है। इन फ्लैट्स की रजिस्ट्री 2 नवंबर की बताई जा रही है। इन फ्लैट्स में पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध है।



## अहान का ब्रेकअप, टूटा तानिया संग रिलेशन

**मुंबई।** एक्टर अहान शेट्टी इस समय चर्चा में आ गए हैं। खबरें हैं कि अहान का 11 साल का रिलेशनशिप टूट गई है। खबरों के मुताबिक एक्टर का उनकी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड तानिया श्रॉफ से ब्रेकअप हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कपल के ब्रेकअप को हुए डेढ़ महीने हो गए हैं। दोनों 11 साल से एक-दूसरे संग रिलेशनशिप में थे। अहान और तानिया बचपन से एक साथ ही पढ़े हैं और फिर एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए थे। लेकिन अब कहा जा रहा है कि कपल के रास्ते अलग हो चुके हैं। हालांकि, अभी तक दोनों के ब्रेकअप की कोई वजह सामने नहीं आई है। वहीं, अहान और तानिया की तरफ से भी इस खबर पर कोई रिएक्शन नहीं आया है। लेकिन लंबे समय से दोनों ने एक-दूसरे के साथ कोई पोस्ट शेयर नहीं किया है। वहीं, अहान और तानिया एक-साथ स्पॉट भी नहीं हुए हैं।

टीवी मसाला



## दिशा ने साझा किया अपना फिटनेस रूटीन

**मुंबई।** टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस दिशा परमार हाल ही में मां बनी हैं। वह अपनी बच्ची के साथ समय बिता रहीं हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपना फिटनेस रूटीन साझा किया है। डिलीवरी के बाद से एक्ट्रेस अपने आपको फिट रखने की पूरी कोशिश में लगी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह वर्कआउट की झलकियां साझा कर रहीं हैं। एक्ट्रेस मां बनने के बाद खुद को फिट रखने के लिए वह तरह-तरह की एक्सरसाइज और योगा कर रही हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया वह अपने डिलीवरी वर्कआउट को क्रश कर रहीं है। दिशा इसी साल मां बनी हैं। उन्होंने एक नन्हीं सी पारी को जन्म दिया है। वह इस समय मदरहुड का लुफ्त उठाती नज़र आ रही हैं। वे आए दिन अपनी बच्ची की झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस की नन्हीं परी दो महीने से ऊपर की हो गई हैं। इसीलिए अब एक्ट्रेस ने भी अपनी फिटनेस पर ध्यान देना शुरू कर दिया।

## संदीपा धर ने भारत की सांस्कृतिक भावना का जश्न मनाते हुए रैंप वॉक किया...

**मुंबई।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक छवि के उत्सव में, प्रतिभाशाली बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर ने भारतीय शराब ब्रांड के भव्य लॉन्च



कार्यक्रम में उसके लिए वॉक करते हुए मुख्य मंच पर कदम रखा। यह उत्तम व्हिस्की, भारत को परिभाषित करने वाली मनमोहक भावना के प्रति एक श्रद्धांजलि है। सभी भारतीय चीजों के प्रति अपने जुनून के लिए मशहूर संदीपा धर ने लॉन्च का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह व्यक्त किया। उनके अपने शब्दों में, जब से मैं बच्ची थी, मुझ पर पूरी तरह से भारतीय चीजों का जुनून सवार रहा है। चाहे वह पारंपरिक बॉलीवुड नृत्य और संगीत के प्रति मेरा प्यार हो या आधुनिक भारतीय कहानी कहने का शौक हो, मुझे अपनी भारतीयता के हर पहलू का जश्न मनाना पसंद है। इसलिए, यहां भारत के सार का जश्न मनाते हुए स्वाभाविक रूप से बहुत अच्छा लग रहा है।

# बप्पी लाहिड़ी ने एक साल में 180 गाने कम्पोज कर बनाया था वर्ल्ड रिकॉर्ड...

## बप्पी दा के गाने जिम्मी-जिम्मी के फैन थे माइकल जैक्सन

**मुंबई।** बप्पी लाहिड़ी भारतीय फिल्म संगीत का वो नाम है, जिसने डिस्को डांसर से लेकर तम्मा तम्मा और तूने मारी एंट्रियां तक जैसे कई लाजवाब गाने दिए। 11 साल की उम्र से ही धुन बनाना शुरू कर चुके बप्पी दा के जिम्मी-जिम्मी गाने के फैन तो खुद माइकल जैक्सन भी थे। बप्पी दा ने अपने सिर पर डिस्को किंग का ताज तो सजा ही रखा था लेकिन क्या आप जानते हैं साल 1986 में उन्होंने ऐसा कारनामा किया था, जिसने उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया।



### डिस्को के अलावा कई क्लासिकल गाने भी दिए

बप्पी दा के गानों की बात करें तो वैसे तो उन्हें डिस्को सॉन्ग के लिए जाना गया लेकिन बप्पी दा ने कई क्लासिकल गाने भी दिए। पग घुंघरू बांध गाने को ही देख लीजिए जिसमें बप्पी दा ने किशोर दा से 12 मिनट लंबा क्लासिकल गाना गंवाया, और आपको पता है किशोर दा इतना लंबा गाना सुनकर गुस्सा भी हो गए थे। बप्पी दा ने 'प्यार है बस यही' जैसे गानों से दिल के तार भी छुए थे। यह गाना साल 1986 में आई फिल्म शीशा का है। इस फिल्म में किशोर दा ने इस गाने के दो वर्जन गाए हैं, एक खुशी का है तो दूसरा आंखों में नमी लाने वाला है।

### एक साल में दिया सर्वाधिक फिल्मों में म्यूजिक

बप्पी दा को टैलेंट की खान कहा जाता था और यह यूं ही नहीं कहा जाता था। उन्हें म्यूजिक से कितना प्यार था और वो उसमें किस कदर डूबे हुए थे, इसकी मिसाल 1986 में देखने को मिली। जानते हैं आप इस साल बप्पी लाहिड़ी ने 10-20 नहीं बल्कि पूरी 33 फिल्मों में म्यूजिक दिया था। बप्पी लाहिड़ी ने इन फिल्मों के लिए 180 गाने कम्पोज किए थे। इतने गाने कम्पोज करते ही उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया।

## कलाकारों ने क्रिसमस के लिए बनाए सेलिब्रेशन प्लान्स..!

**मुंबई।** छुट्टियों का मौसम आ गया है, और ऐसे में खुशी और उमंग का त्यौहार क्रिसमस बस आने ही वाला है। हर साल 25 दिसंबर को धूमधाम से क्रिसमस मनाया जाता है। इस त्यौहार की अपनी सबसे प्यारी यादें ताजा करते हुए, निहारिका रॉय (प्यार का पहला नाम राधा मोहन की राधा), अदिति शर्मा (रब से है दुआ की दुआ), किशोरी शहाणे विज (कैसे मुझे तुम मिल गए की बबीता), शालिनी महल (कुंडली भाग्य की शनाया), निक्की शर्मा (प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति की शक्ति), अबरार काज़ी (कुमकुम भाग्य के राजवंश), रोहित सुचंती (भाग्य लक्ष्मी के ऋषि) और अविनेश रेखी (इक कुड़ी पंजाब दी के रांझा) जैसे टीवी कलाकारों ने इस साल क्रिसमस के लिए अपनी रोमांचक और मजेदार योजनाओं के बारे में खुलासा किया। निहारिका रॉय ने कहा, मेरे लिए क्रिसमस प्यार बांटने के बारे में है! यह केक और कुकीज़, मिठाइयों और गानों का मौसम है! इस त्यौहार से जुड़ीं मेरी बचपन की



बहुत अच्छी यादें हैं। 'रब से है दुआ' में दुआ के रोल में नजर आ रहीं अदिति शर्मा ने कहा, दिसंबर मेरा पसंदीदा महीना है और मैं क्रिसमस के कारण लगभग आधे साल इस महीने का इंतज़ार करती हूं। इस साल मैं अपने शो के कलाकारों के साथ सीक्रेट सांता गेम खेलने की योजना बना रही हूं, फिर शाम को मैं अपने करीबी दोस्तों के साथ डिनर के लिए बाहर जाऊंगी।

## सालार ने पहले दिन की 95 करोड़ रुपए की रिकार्ड तोड़ ओपनिंग




**मुंबई।** 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई प्रभास स्टारर फिल्म सालार को दर्शकों से पहले दिन बहुत अच्छा रिस्पान्स मिला। सालार की पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सालार ने रिलीज के पहले दिन 95 करोड़ की ओपनिंग की है। सालार ने पहले दिन 95 करोड़ की ओपनिंग की है, जवान की पहले दिन की कमाई 65.5 करोड़ रही थी। पठान ने पहले दिन 55 करोड़ का कलेक्शन किया था और एनिमल की पहले दिन की कमाई 54.75 करोड़ थी।

## डंकी ने दो दिन में किया 50 करोड़ का कलेक्शन, पहले दिन कमाए 29.2 करोड़



**मुंबई।** शाहरुख खान की डंकी ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। डंकी में विक्की कौशल, तापसी पन्नू और बोमन ईरानी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नॉन-हॉलिडे रिलीज होने के बावजूद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, पहले दिन 29.2 करोड़ रुपए की कमाई करने के बाद, राजकुमार हिरानी की फिल्म ने दूसरे दिन 20 करोड़ रुपए की कमाई की। कुल मिलाकर अभी फिल्म ने 49.20 करोड़ रुपए कमा लिए है।

## धीमी पड़ी एनिमल की कमाई, 20 दिन बाद कमाए मात्र 2.50 करोड़



**मुंबई।** रणबीर कपूर की एनिमल को 21 दिन बीत गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, एनिमल ने 21वें दिन को केवल 2.50 करोड़ की कमाई की है, जो कि अब तक की सबसे कम कमाई है। वहीं इसके बाद भारत में एनिमल का कलेक्शन 531.34 करोड़ हो पाया है। जबकि वर्ल्डवाइड 859 करोड़ पार हो एनिमल की कमाई हई है और इंडिया ग्रॉस 630.35 करोड़ पहुंच गया है। फिल्म में रणबीर के अलावा रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, अनिल कपूर और बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं।

खबर संक्षेप

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**जांजगीर-चांपा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सारागांव में 23 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय के कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक के बालक बालिकाओं ने विविध वेशभूषा, नृत्य गीत इत्यादि की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वाला विकास समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती आशा देवी कर्ष, पालक प्रतिनिधि डॉ. केशव करियारे राजेंद्र पाण्डेय, देवा राठौर आदि उपस्थित थे। प्राचार्य अरुण कुमार तिवारी सहित हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे। प्रथम पाली में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य श्रीमती जे एल बड़ा थे। इस आशय की जानकारी आत्मानंद विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती पूर्णिमा राठौर ने दी।

## विज्ञान प्रदर्शनी में पवन चक्की के मॉडल ने किया आकर्षित



**चांपा।** नगर के मनका पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूली छात्रों ने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि एन डी शर्मा एवं स्कूल के प्रेसिडेंट एस के केशरवानी ने किया। इसके बाद अतिथियों ने छात्रों द्वारा बनाये गए विज्ञान मॉडलो का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में कक्षा 9 वी के छात्र अनंत जायसवाल, विवेक प्रजापति एवं पीयूष देवांगन की टीम द्वारा बनाये गए पवन चक्की मॉडल का अवलोकन किया छात्रों ने मॉडल के बारे में उन्हें विस्तार से बताया जिसकी अतिथियों ने सराहना। सभी को पवन चक्की मॉडल ने आकर्षित किया। इस मौके पर प्राचार्य अविनाश केशरवानी, प्रेम तोना, तुलाराम बाग सहित टीचर उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का चुनाव जनवरी में

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का विधिवत निर्वाचन जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में संपन्न होगा। राधेलाल भारद्वाज जिलाध्यक्ष, राधेश्याम साहू तहसील अध्यक्ष सक्ती, विकास चौबे तहसील अध्यक्ष मालखरौदा ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह बताया है कि इस संगठन का विधिवत निर्वाचन जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में सम्पन्न होगी । इस बीच में सदस्यता अभियान एवं आजीवन सदस्यता अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। सक्ती जिला के सभी विभाग के कर्मचारी साथी सदस्य बनकर विधिवत निर्वाचन में भाग ले सकते है। यह निर्वाचन संगठन के नियमावली के तहत ओपन संपन्न कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश में कर्मचारियों के हित के मुद्दों को लेकर हमेशा मुखर एवं सक्रिय रहा है। नवगठित जिला होने के कारण शुरुआत में औपचारिक संगठन का गठन किया गया रहा मगर अब नियमावली के पालन में विधिवत निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति करके संपन्न किये जाने का निर्देश जी. आर. चन्द्रा प्रातांध्यक्ष के द्वारा दिया गया है।

## बच्चों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**हसौद।** दिसंबर माह के चतुर्थ सुरक्षित शनिवार बैग्लेस डे के अवसर पर शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा योजना के तहत मीडिल स्कूल धमनी के सभी बच्चों को जगजीवन प्रसाद जांगड़े शिक्षक द्वारा यातायात के नियमों व बचाव के बारे में बताए। सड़क पार करते समय बड़े लोगों का मदद ले लेना यदि बड़े लोग आस -पास न हों तो पहले अपने दाएं बायें देखकर यह सुनिश्चित करें कि कोई गाड़ी नजदीक तो नही आ रही हैं, सड़क चिन्हो के संकेतों, ट्रेफिक पालन आदि नियमों के बारे में जानना, गाड़ी में चलते समय मोबाइल से सेल्फी न लेना,अपनी गंतव्य दूरी को समय देखकर धीरे से चलना, ज़रूरत से अधिक गति में गाड़ी न चलाना,चौराहा, तिराहा सड़क आने पर गाड़ी की गति धीमी करने के नियम बताए। उसके बाद सभी बच्चों को योगा व्यायाम भी कराए। इस अवसर पर शाला के संस्था प्रमुख जगजीवन प्रसाद जाँगड़े, मनीष दास बैरागी शिक्षक, संजय कुमार तांजय,हेरोद कुमार भारद्वज उपस्थित रहे।

### बरसात में बंद हो जाता है आवागमन

# गोधना-कांसा पहुंच मार्ग की आज तक नहीं बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

नवागढ़ ब्लाक के आदर्श ग्राम पंचायत गोधना से ग्राम पंचायत कांसा की दूरी लगभग 3 किलो मीटर की है। यहां के लोगों को आज तक पक्की सड़क नसीब नहीं हो सकी है। लोग आज भी कच्ची सड़क से आवगमन करने विवश है।

नवागढ़ ब्लाक के अंतर्गत ग्राम गोधना-कांसा पहुंच मार्ग का आज तक डामरीकरण नहीं हुआ है, जिसके चलते राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में रास्ते कीचड़ से युक्त होते हैं जिसके कारण आवागमन बंद रहता है वहीं गर्मी के दिनों में धूल उड़ने के कारण आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकारें बदलती रहती हैं। ग्रामीणों को पक्की सड़क कब नसीब होगी इसका जवाब किसी के पास नहीं है। आगामी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस मार्ग का नाम तो आया है लेकिन अभी इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है यदि यह रास्ता बन जाता है तो आसपास के गांव के लोगों को आने-जाने में सुविधा भी होगी। साथ ही साथ व्यापारिक केंद्र भी बढ़ेंगे। ग्राम कांसा निवासी सोमनाथ भैना ने बताया कि रास्ता सुगम नहीं होने के कारण कृषि कार्य करने में भी परेशानियों



गोधना और कांसा के बीच की कच्ची सड़क।

का सामना करना पड़ता है। इसी तरह बहुत से कार्य कच्ची सड़क होने के कारण रुका हुआ है। बड़े बुजुर्गों का कहना है कि उनके जमाने में ये सड़क तब से ऐसे ही स्थिति में है। वे लोग भी इस रास्ते से पैदल आना जाना करते थे। आज वर्तमान में इस सड़क की हालत बद् से बद्तर हो चली है। बरसात के महीनों में इस रास्ते मे पैदल चलना भी मुश्किल होता है। इस कच्ची रास्ते को बनाने के लिये कांसा सरपंच रानी बाई कश्यप व गोधना सरपंच जीरा देवी साहू के द्वारा जांजगीर कलेक्टर ऑफिस व तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रोड बनाने के लिये आवेदन दिया गया था, लेकिन इसे पक्की सड़क बनाने के लिय प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। गोधना के लोगों को खैरताल जाने के 7 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है, अगर यह रास्ते पक्की रोड बन जाता तो लोगों को 4 किलोमीटर मात्र तय करना पड़ेगा व लोगों का समय भी बचेगा। कांसा के लोगो को शिवरीनारायण जाने के लिए अधिक दूरी तय करते हुए नेगुडीह, खैरताल, तेन्दुआ, तुस्मा होकर शिवरीनारायण जाना पड़ता है। गोधना व कांसा सड़क पक्की बन जाने के बाद दूरी भी कम होगा और समय का भी बचत होगा। इस रोड से जाने के लिये कांसा-गोधना के बीच में जुगाड़ का लकड़ी पुल बनाया गया है। रोज इसी कच्ची सड़क मार्ग से बाइक सवार व पैदल यात्रा करने वाले आना-जाना करते है।

# पुरुष में शिवनाथ व महिला कबड्डी में महानदी हाऊस ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसौद में 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक तीन दिवसीय शालेय स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल स्पर्धा में

- **सेजेस हसौद में शालेय स्तरीय तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन**

उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमे से विजेता खिलाड़ियों को 26 जनवरी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।


शालेय स्तरीय खेल कूद स्पर्धा के अंतिम व समापन दिवस के अवसर पर प्राचार्य डी. आर. लहरे ने कहा कि खेल के विकास के लिए इन प्रतियोगिता का आयोजन बहुत जरूरी है। इसके साथ ही यह खेल आपसी भाईचारे का खेल है। इसमें सद्भावना रखना भी जरूरी होता है। यह हमारे राष्ट्र के पारम्परिक खेलों को आगे बढ़ाना बहुत जरूरी है। वरिष्ठ शिक्षक अरूण कुमार जायसवाल ने कहा कि खिलाड़ियों को नया मंच मिले इसके लिए हम हमेशा प्रयासरत रहते है इसके साथ ही विद्यार्थी सही संगती के साथ



खेल कौशल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

खेल में विकास करते रहें यहीं हमारी मंगलकामना रहती है। शिक्षक विनय रात्रे, सुनील भारद्वाज, गिरधारी साहू, विजय पटेल ने भी शिक्षा के साथ साथ शारीरिक दक्षता में भी विद्यार्थियों का विकास होना जरूरी बताया। इस बीच विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी सोहन यादव ने बताया कि वार्षिक शालेय स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में ऊंची कूद, लंबी कूद, खो खो, शतरंज, फाग रेस, लंगड़ी दौड़, 50 मीटर दौड़ कबड्डी, कैरम, बैडमिंटन, तथा अन्य खेलो का शानदार आयोजन हुआ जिसमें रस्साकस्सी में महानदी रेड हाऊस विजेता हुआ वहीं शॉर्टपुट खेल में मृणालिका तथा राज ओग्रे विजेता बने, लंबी कूद में कु. रीमा तथा संजीव कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया तो ऊंची कूद में उर्वशी चंद्रा तथा तुलेश साहू ने खिताब जीता शतरंज में नितेश जांगड़े और 100 मीटर के दौड़ में तुलेश साहू ने जलेबी दौड़ में रागिनी बर्मन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग कबड्डी में शिवनाथ ब्लू हाऊस तथा महिला कबड्डी में महानदी रेड हाऊस ने तथा खो खो पुरुष वर्ग में महानदी रेड हाऊस, अरपा ग्रीन हाऊस तथा महिला वर्ग में अरपा ग्रीन हाउस इंद्रावती येलो हाउस ने खिताब अपने नाम किया। म्यूजिकल चेयर कुर्सी दौड़ में तुलेश साहू तथा नेहा साहू को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में हाउस मेंटर तथा शिक्षकों में नरेंद्र जायसवाल, श्रीमती मालती तिवारी, श्रीमति आरती केशी, श्रीमती चंद्रिका टंडन, श्रीमति भारती कश्यप, श्रीमति डोलमति साहू, अभिषेक पांडेय, विश्वजीत सिंह, आयुष दुबे, कामेश निषाद, मिलाप सिंह मल्होत्रा, सेवक प्रधान, समीर गबेल, प्रेमलता बर्मन, निमिषा कंवर का योगदान रहा।

## बम्हनीडीह में भगवान राम के चरित्रों को रहा गुणगान



**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह में 17 दिसंबर से प्रारंभ हुए अखंड नवधा रामायण का समापन 26 दिसंबर को होगा। मानस गायन प्रतियोगिता मंगलवार 26 दिसंबर को रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 10001, चतुर्थ पुरस्कार 9001 रुपए, पंचम पुरस्कार 8001 रुपए, षस्टम पुरस्कार 7001 रुपए, सप्तम पुरस्कार 6501 रुपए, अष्टम पुरस्कार 6001 रुपए, नवम पुरस्कार 5001 रुपए, दशम पुरस्कार 4001 रुपए, एकादश पुरस्कार 3001 रुपए, द्वादश पुरस्कार 2001 रुपए, त्रयोदशी पुरस्कार 1001 रुपए रखी गई है। इसके अतिरिक्त श्रेष्ठ तबला वादक को 2501 रुपए तथा श्रेष्ठ प्रवचन कर्ता को 2501 रू प्रदान की जाएगी। अखंड नवधा रामायण स्थल पर कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन शाम को भगवान श्री रामचंद्र जी की भव्य आरती होती है एवं अनेक मानस गायक पार्टी दूर-दूर से मानस गायन का रसपान कराने के लिए पहुंचते हैं। यज्ञ स्थल को छोटे-छोटे बालिकाओं के द्वारा प्रतिदिन आकर्षक रंगोली से सजाई जाती है। रंगोली में भी विभिन्न पुरस्कार रखे गए हैं बम्हनीडीह एवं आसपास के ग्रामीण इस भक्तिमय वातावरण से प्रफुल्लित एवं हर्षित हैं।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होता है वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला

न्यूवोको पब्लिक स्कूल गोपाल नगर में वार्षिक क्रीडा स्पर्धा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नुवोको विस्टास कार्प लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक (वित्त) संजीव दत्ता थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में निहाल

- **वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा के सभी प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर किया सम्मानित**

रंजन मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन तथा सुबोजित बेनर्जी (उत्पादन प्रमुख) उपस्थित रहे।

छोटे बच्चों के लिए स्वच्छ भारत रेस, रेबिट रेस आदि अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। तत्पश्चात बड़े बच्चों के लिए 100, 200, 400, 800 मीटर बाधा रेस,रिले रेस, शाटपुट, लांगजम्प, हाईजम्प, ट्रीपलजम्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय में गंगा, यमुना, विंध्या और हिमाचल इन चार सदनों के मध्य कड़ी



खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान करते अतिथि।

प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें प्रथम स्थान हिमाचल, द्वितीय यमुना, तृतीय गंगा और चतुर्थ विंध्या ने प्राप्त किये। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बच्चों के द्वारा ड्रील डांस प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के हाथों बेस्ट एथलेटिक ब्वाय एवं बेस्ट एथलेटिक गर्ल को पुरस्कृत किया गया एवं सभी प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान किया गया। क्रीडा स्पर्धा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अभिषेक पाण्डेय, डीजीएम स्वास्थ्य विभाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। हमारे जीवन में जितना महत्व अध्ययन का होता है, उतना ही महत्व खेलकूद का होता है। इससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए हमें समय -समय पर खेलकूद व्यायाम करना चाहिए। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य सुमंतो विश्वास एवं आभार प्रकट एकेडमिक सुपरवाइजर ने किया। व्यायाम शिक्षक प्रदीप कुमार साहू एवं श्रीमती सुषमा शर्मा के निर्देशन में सभी ने अपना योगदान दिया।

## शासकीय एमएमआर कॉलेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**चांपा।** शासकीय एम एम आर पी जी कॉलेज चाम्पा में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ पुष्पराज सिंह प्राध्यापक गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर एवं डॉ दिलीप कुमार थे। डॉ सिंह ने रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन इन बॉटनी में अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया। डॉ दिलीप कुमार ने एप्रोचेस टू इंटरप्रियोनेरशिप एक्टिविटीज पर व्याख्यान दिया। उन्होंने स्किल डेवलोपमेन्ट, घर पर कैसे छोटे छोटे काम कैसे शरुआत कर सकते हैं।उन्होंने वर्मीकम्पोस्ट बनाने, बांस आर्ट, पैरा आर्ट , अजोला कल्टीवेशन , मशरूम कल्टीवेशन के बारे में विस्तार से बताया। डॉ सिंह और डॉ कुमार ने विद्यार्थियों को मोटिवेट किया उन्होंने परिश्रम करके कैसे सफलता प्राप्त कर सकते हैं एवं पढ़ाई के साथ साथ कैसे अर्थोपार्जन कर सकते हैं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो नीलिमा पांडेय, डॉ बंजारे, दिलेश्वरी कश्यप, पार्वती कर्ष, शिव सूर्यवंशी, हेम यादव एम एस सी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# देवरी में भजन-कीर्तन के साथ निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

अयोध्या से श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिये आमंत्रण हेतु आया पवित्र अभिमंत्रित अक्षत कलश सबमें राम और राम में सब भाव जागरण का प्रतीक बना है। 22 दिसंबर को ग्राम देवरी विकास खण्ड बम्हनीडीह में भजन कीर्तन के साथ कीर्तन मंडली और समस्त ग्रामवासियों के द्वारा ग्राम के व्यासपीठ एवं देवस्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।

अयोध्या से आये पवित्र अक्षत कलश को पूरे गांव के सभी मोहल्ले में प्रत्येक घर के सामने से निकाला गया। सभी घरों में माताओं ने सपरिवार पूजन आरती करके स्वागत किया और पवित्र कलश को प्रणाम किया। इस अवसर पर ग्राम के कीर्तन मण्डली में श्री रामचरण साहू,नर्मदा राठौर,ईशु बरेठ,संतोष बरेठ,सर्वेश यादव,दुकालू केंवट, मनीष केंवट, मनोज पांडेय,जोहन यादव,जय प्रकाश बरेठ,भागवत राठौर, चंद्रसेन कर्ष, कुशल सिंह राठौर, शिवनन्दन राठौर, गणपति राठौर, योगेश राठौर, सहित सभी सम्मिलित रहे।बड़ी संख्या में बड़े-बुजुर्ग और बच्चे भी थे।माताओं ने बारी-बारी से कलश को अपने सिर पर रखकर पदयात्रा भी की। गांव के सरपंच श्रीमती लीलाबाई राठौर पति



अपने घर के सामने अक्षत कलश की पूजा करते ग्रामीण।

दिनेश राठौर ने अपने घर के सामने सपरिवारकलश का आरती-पूजन किया और स्वयं भी कलश यात्रा में सम्मिलित हुई और पूरे गाँव के लिये सुख-शांति की कामना की। इस कलश यात्रा और पूजन ने पूरे गांव को एकता के सूत्र में पीरो दिया। पूरा गांव राममय हो गया।

# अंबेडकर कॉलेज में गणितज्ञ रामानुजन को किया याद

**पामगढ़।** डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान दिलदार सिंह टंडन सहायक प्राध्यापक गणित शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा के द्वारा विषय महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन एवं उनका गणित के प्रति योगदान तथा दैनिक जीवन में गणित का उपयोग पर दिया गया।

छात्र-छात्राओं ने गणित से संबंधित पोस्टर - प्रदर्शनी पर बढ-चढ़कर हिस्सा लिया, उनके उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य जेपी साहू द्वारा श्रीनिवासन रामानुजन की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर



पोस्टर प्रदर्शनी में शामिल छात्र-छात्राएं।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एस.के. त्रिपाठी, डॉ एस.आर.महेंद्र, डॉ डी. मिश्रा, डॉ तारणीश गौतम, डॉ श्वेता जैन, प्रोफेसर मीरा टंडन, प्रोफेसर संतोषी उराव, प्रोफेसर लक्ष्मी गौरी कुजूर सुमन,कु. दुर्गेश्वरी पटेल, आरएस विश्वकर्मा, आलोक चतुर्वेदी तथा समस्त कार्यालय स्टाफ की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग की प्रोफेसर श्रीमती चांदनी छाबड़ा दुआ के द्वारा किया गया।

### किसान स्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस

# देश और दुनिया में बन गई है किसान स्कूल की ख्याति : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

किसान स्कूल बहेराडीह में स्थापना दिवस और किसान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांजगीर-चाम्पा विधायक व्यास कश्यप थे। अध्यक्षता जैजैपुर बालेश्वर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चन्देल मौजूद थे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि जांजगीर-चाम्पा विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि बहेराडीह के वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल की ख्याति देश और दुनिया में बन गई है। किसानों के उत्साहवर्धन और प्रोत्साहन के लिए किसान स्कूल परिवार बेहतर काम कर रहा है। आज प्रगतिशील किसानों, पत्रकारों और पुरखा के सुरता अभियान में



उल्लेखनीय कार्य करने वाले को सम्मानित करते अतिथि।

योगदान देने वाले लोगों का सम्मान, इसका प्रमाण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चन्देल ने भी संबोधित किया। समारोह में कृषि क्षेत्र तथा कौशल विकास में छत्तीसगढ़ आरसेटी के कंट्रोलर अरुण कुमार सोनी रायपुर और श्रीमती वर्षा वासुदेवा बिलासपुर को सम्मानित किया गया। इसी तरह कृषि क्षेत्र में अनोखा काम करने वाले प्रगतिशील किसान, पुरखा के सुरता अभियान के तहत धरोहर में योगदान देने वाले किसान तथा पत्रकारिता में विशिष्ट योगदान के लिए पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानोदय स्कूल जांजगीर के शिक्षक मूलचंद साव और आभार समाजसेवी डॉ. सुरेश देवांगन ने व्यक्त किया। इस मौके पर चाम्पा एसडीएम नीरनिधि नन्देहा, चाम्पा एसडीओपी यदुमणि सिदार, भाजपा नेता गुरुदयाल पाटले, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, संरक्षक डॉ. सुरेश देवांगन, जे. बस्वराज, राघवेंद्र नामदेव, मूलचंद साव, जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर, बलौदा जनपद उपाध्यक्ष नम्रता राघवेंद्र नामदेव सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

